**Need to increase sections from class I to VIII and introduce teaching of all subjects in class XI and XII in Kendriya Vidyalaya, Kasrawad in Khargone Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-Laid**

श्री गजेन्द्र सिंह पटेल **(खरगौन) :** मैं माननीय शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र खरगोन, मध्य प्रदेश के केंद्रीय विद्यालय, कसरावद पूर्व में अस्थाई भवन में कक्षा I से X तक केवल एक-एक सेक्शन के साथ संचालित किया जा रहा था । दिनांक 16 जनवरी, 2025 को प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय, कसरावद द्वारा नवीन विद्यालय भवन (Type A - Two Section) का आधिपत्य लिया गया है । इस नवीन भवन में दिनांक 20 जनवरी, 2025 से कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं । यह नवीन भवन कक्षा I से XII तक दो-दो सेक्शन (कुल 24 कक्षाओं) के संचालन के लिए निर्मित किया गया है, परंतु वर्तमान में केवल 10 कक्षाएं ही संचालित की जा रही हैं । वर्तमान स्थिति में कक्षा XI एवं XII के अध्ययन हेतु विद्यार्थियों को लगभग 40 किलोमीटर दूर केंद्रीय विद्यालय, खरगोन जाना पड़ रहा है, जिसके कारण उन्हें अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है । इसलिए विद्यार्थियों की परिस्थितियों एवं हितों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय विद्यालय, कसरावद में निम्नलिखित के लिए शीघ्र कार्रवाई की जाए: कक्षा I से VIII तक द्वितीय सेक्शन का संचालन; कक्षा XI एवं XII में सभी संकायों की कक्षाओं का प्रारंभ; विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त हो सकें और उनकी असुविधाएं दूर की जाएं ।